
श्री राम जन्मभूमि मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में
शामील होने वाले भक्तों समेत
समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस 26
की
हार्दिक शुभकामनाएं।
सीकारीया फार्मेसी कॉलेज
D. Pharm B. Pharm
नामांकन चालू है
बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग एवं बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
Qualification : Inter Pass
ANM
Pharmacy Council of India
यमुना कुमार सीकारीया
समाजसेवी, उद्योगपति, शिक्षाविद राधा नगर, मोतिहारी
पता : राधा नगर नकछेद टोला, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण
Mob. : 9473461692, 8271130010, 7549935711


Affiliation No. 330611
Lakshya Raj Public School
LAKSHYA RAJ
PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE, New Delhi
(A unit of Lakshya Raj Educational and Charitable Trust)
(From I to Std. XII, (10+2)
English Medium CBSE Curriculum
ADMISSION OPEN
FOR NEW SESSION
In Grades III- IX & XI
Our Benefits :
Small Class Sizes
Big Room Sizes
Loving Atmosphere
Best Education Plans
Beautiful Background
Wide Study Rooms
LAKSHYA RAJ
KIDZEE
FREE
ADMISSION
OPEN
FOR 2024-25
Kuraniya Mayee, Purnahia, Ghorasahan, East Champaran - 9006421583
Mission Chowk, Near Ayurvedic College, East Champaran


स्थापित- 1970
श्री नारायण सिंह महाविद्यालय
मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण -845401
(बी.आर.अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की अंगीभूत इकाई)
(NAAC ACCREDITED –B+(C.G.P.A.-2.55)
SRI NARAYAN SINGH COLLEGE MOTIHARI
श्री नारायण सिंह महाविद्यालय की अनोखी विशेषताएं:-
समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो.(डॉ.) प्रदीप कुमार
प्राचार्य
श्री नारायण सिंह कॉलेज, मोतिहारी।


स्थापित- 1959
डॉ. श्री कृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय
मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण - 845401
(बी.आर. अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की अंगीभूत ईकाई)
महाविद्यालय की प्रमुख विशेषताएं:
1. पूर्वी व पश्चिमी चम्पारण का एक मात्र अंगीभूत महिला महाविद्यालय.
2. डिजिटल प्रोजेक्ट स्मार्ट क्लास रुम.
3. इंटरमीडिएट एवं स्नातक स्तर पर विज्ञान एवं कला में समुचित व्यवस्था.
4. सभी विषयों में स्नातक के प्रतिष्ठा का प्रशिक्षण.
5. योग्य एवं अनुभवी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षण की व्यवस्था.
6. खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की सक्रिय गतिविधियां.
7. एनसीसी एवं एनएसएस की सक्रिय इकाई.
8. इंटरनेट कैफे की व्यवस्था.
9. सीसीटीवी एवं वाईफाई मुफ्त कैंपस.
10. समृद्ध ई-पुस्तकालय.
11. क्रीड़ा मैदान की समुचित व्यवस्था.
12. शुद्ध पेयजल के लिए वाटर कूलर सहित आर.ओ की व्यवस्था.
13. बीसीए की व्यवसायिक व्यवस्था.
14. प्रायोगिक विषयों के लिए आधुनिक उच्च स्तरीय प्रयोगशाला की सुविधा.
15. एंटी रैगिंग सेल की व्यवस्था.
16. आधुनिक सुविधा सहित महिला छात्रावास की व्यवस्था.
17. रमणीय परिसर एवं शांतिपूर्ण माहौल
18. साईकिल स्टैंड की व्यवस्था.
समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉक्टर किरण कुमारी
प्राचार्या डॉ. श्रीकृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय, मोतिहारी।


रानी हॉस्पीटल RH
पता - हॉस्पीटल रोड, टाउन थाना एम. जे. के. गर्ल्स इंटर कॉलेज के बगल में, मोतिहारी
नॉर्मल डिलेवरी (Continous fetal Monitoring)
पेनलेस डिलेवरी
अत्याधुनिक लेवर रुम एवं ऑपरेशन थियेटर
इमरजेंसी एवं सभी तरह के स्त्री रोगों का इलाज
सिंगल और AC रुम उपलब्ध
अत्याधुनिक मशीन द्वारा अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा
डा. रुपम कुमारी
MBBS, DGO
पी. एम. सी. एच. पटना
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. संजीव रंजन
MBBS (VMMC & SJH)
MD (PAED) PGIMER
नई दिल्ली
नवजात एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बच्चा संबंधी सभी तरह के इमरजेंसी सेवा उपलब्ध है।
एक ही छत के नीचे जच्चा व बच्चा का यहां बेहतर इलाज होता है।
जिले सहित समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


Estd. 2016
SAMRIDDH GROUP OF COLLEGE
BMKI EDUCATION INDIA PRIVATE LIMITED
समृद्ध ग्रुप ऑफ कॉलेज
पैरामेडिकल नर्सिंग एवं फार्मा
Courses
1. DMLT / BMLT
2. Radiology
3. MPHW
4. EMT
5. Dresser
6. Cardiac Care
7. CMS & ED
8. Hospital management
9. Physician Assistant
10. C.S.C.D. Technique
11. D. Pharma / B. Pharma
12. Physiotherapy
13. Dialysis Technique
14. ICU Technique
15. O.T. Technique / Assistant
16. Nursing Assistant /Supervisor
17. ANM / GNM
18. Blood Bank Technique
19. Dental Care / Hygiene
20. Yoga & Naturopathy
21. Endoscopy
22. Diet Technique
23. Medical Transcription
24. Anesthesia Technique
25. Nutrition Technique
26. Hospital Administration
27. Medical Care
28. BNYS & Other 25 Courses
SAMRIDDH GROUP OF COLLEGE MOTIHARI
योग्यता मैट्रिक, इन्टर
उम्र न्यूनतम 16 वर्ष
शिक्षा ऋण उपलब्ध
सभी कोर्सेज सःशुल्क
सरकारी क्षेत्रों में मान्य
निदेशक
डा. आशिष-राज-निराला
हॉस्पीटल, लैब, नर्सिंग होम में कार्यरत स्टाफ भी कोर्स कर सकते हैं।
आवेदन पत्र पत्राचार के माध्यम से या Whatsapp No. 9470652525 पर भेज सकते हैं।
Branch (1): Near Jaymangal Anupa Mahila College, Agarwa, Motihari, East Champaran, Bihar
Branch (2): In the Campus of Hospito Care, Near Registry Office, Ghorasahan Road, Dhaka
Helpline Number : 9470652525, 6202275251
Email : samriddhgroupofcollege@gmail.com

● bordernewsmirror@gmail.com
● पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित
● द्विभाषिक समाचार पत्र

02 बिहार में टूट की कगार पर आईएनडीआईए की गांठ, सियासत में गर्माहट
03 अम्बेडकर छात्रावास का जल्द होगा कायाकल्प: राकेश पांडेय

# बॉर्डर न्यूज मिरर

...खबरों से समझौता नहीं



● पटना, शुक्रवार, 26 जनवरी 2024 | www.bordernewsmirror.com | ● पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रुपए ● वर्ष: 04, अंक: 340

## यह युगांतरकारी परिवर्तन का समय: राष्ट्रपति

### देश के नाम संबोधन में महामहिम द्रोपदी मुर्मू ने किया राम मंदिर और कर्पूरी ठाकुर का भी जिक्र

**नई दिल्ली**

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र को संबोधित किया। पचहत्तरवें गणतंत्र दिवस शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह एक युगांतरकारी परिवर्तन का कालखंड है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस, हमारे आधारभूत मूल्यों और सिद्धांतों को स्मरण करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि कल वह दिन है जब हम संविधान के प्रारंभ होने का जश्न मनाएंगे। इसकी प्रस्तावना ?हम, भारत के लोग? शब्दों से शुरू होती है, जो दस्तावेज़ के विषय अर्थात लोकतंत्र पर प्रकाश डालती है। भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था पश्चिमी लोकतंत्र की



अवधारणा से कहीं अधिक पुरानी है। यही कारण है कि भारत को ?लोकतंत्र की जननी? कहा जाता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे गणतंत्र की मूल भावना से एकजुट होकर 140 करोड़ से अधिक भारतवासी एक कुटुंब के रूप में रहते हैं। दुनिया के सबसे बड़े इस कुटुंब के लिए, सह-अस्तित्व की भावना, भूगोल द्वारा थोपा गया बोझ नहीं है, बल्कि सामूहिक उल्लास का सहज स्रोत है, जो हमारे गणतंत्र दिवस के उत्सव में अभिव्यक्त होता है। राष्ट्रपति ने कहा कि अपने योगदान से सार्वजनिक जीवन को समृद्ध बनाने के लिए, मैं कर्पूरी ठाकुर जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ। मैं यह उल्लेख करना चाहूंगी कि सामाजिक न्याय के लिए अनवरत युद्धरत रहे, श्री कर्पूरी ठाकुर जी की जन्म शताब्दी का उत्सव कल ही संपन्न हुआ है। कर्पूरी जी पिछड़े वर्गों के सबसे महान पक्षकारों में से एक थे जिन्होंने अपना सारा जीवन उनके कल्याण के लिए समर्पित कर दिया था। उनका जीवन एक संदेश था। अपने योगदान से सार्वजनिक जीवन को समृद्ध बनाने के लिए मैं कर्पूरी जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ।

राम मंदिर का जिक्र कर उन्होंने कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में, हमने अयोध्या में निर्मित गौरवशाली नए मंदिर में भगवान श्री राम की मूर्ति की ऐतिहासिक 'प्राण प्रतिष्ठा' देखी। जब इस घटना को व्यापक परिप्रेक्ष्य से देखा जाएगा, तो भविष्य के इतिहासकार इसे भारत की अपनी सभ्यतागत विरासत की निरंतर पुनः खोज में एक मील का पत्थर मानेंगे। उचित न्यायिक प्रक्रिया और देश की सर्वोच्च अदालत के फैसले के बाद मंदिर का निर्माण शुरू हुआ।

## धनखड़ ने जताया हरिशंकर भाभरा के निधन पर शोक

नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्य विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हरि शंकर भाभरा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री धनखड़ ने गुरुवार को यहां जारी एक संदेश में कहा कि श्री भाभरा ने राज्यसभा सदस्य सहित अपने सार्वजनिक जीवन में जिस पद को भी सुशोभित किया, उसे गरिमा प्रदान करने तथा उच्च मानदंड स्थापित करने के लिए वह सदैव याद किए जायेंगे। उन्होंने कहा, राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री हरि शंकर भाभरा जी के दुखद निधन पर हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। पिछले पक्ष ही जयपुर स्थित उनके निवास पर जा कर उनसे भेंट की थी, उनका कुशलक्षेम पूछा था।

## नीतीश-लालू के रिश्तों में खटास के संकेत

**बीएनएम@पटना**

बिहार में भले ही कड़ाके की ठंड पड़ रही हो लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन के दो प्रमुख घटक जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बीच रिश्तों में खटास के संकेत ने राज्य में सियासी तापमान काफी बढ़ा दिया है।

भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की सौवीं जयंती पर बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का परिवारवाद पर चोट के बाद गुरुवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य ने भी सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर एक के बाद एक तीन पोस्ट बिना किसी का नाम लिए किया है, जिसे अप्रत्यक्ष रूप से श्री नीतीश कुमार पर ही पलटवार माना जा रहा है।



श्री लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने अपने पोस्ट में कहा, 'समाजवादी पुरोधा होने का करता वही दावा है, हवाओं की तरह बदलती जिनकी विचारधारा है।' अपनी अगली पोस्ट में वह लिखती हैं, 'खीज जताए क्या होगा, जब हुआ न कोई अपना योग्य, विधि का विधान कौन टाले, जब खुद की नीयत में ही हो खोट।' इसके बाद अपनी अगली पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'अक्सर कुछ लोग नहीं देख पाते हैं अपनी कमियां, लेकिन किसी दूसरे पे कीचड़ उछालने को करते रहते हैं बदतमीजियां।'

## खड़गे 15 फरवरी तक 10 जगह करेंगे कार्यकर्ताओं को संबोधित

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरने के काम में भी लग गई है और इसके लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अगले 20 दिन में देश के विभिन्न स्थानों पर 10 जगह पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार बताया कि श्री खड़गे इस क्रम में सबसे पहले आज तेलंगाना के हैदराबाद में कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे और उन्हें किस तरह से चुनाव की तैयारी में जुटना है इस बारे में संबोधित करेंगे।

वह 28 जनवरी को उत्तराखंड के देहरादून में 29 जनवरी को ओडिशा की भुवनेश्वर तथा 30 जनवरी को बिहार में



पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

## मोदी ने बुलंदशहर को हजारों करोड़ की परियोजनाओ की सौगात

बुलंदशहर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को यहां बुलंदशहर और मेरठ मंडल के लिये करीब 20 हजार करोड़ रुपये की लागत की परियोजनाओं को शिलान्यास और लोकार्पण किया। पुलिस शूटिंग रेंज मैदान में श्री मोदी ने रिमोट का बटन दबाकर हजारों करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया करेंगे। लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं में कल्याण सिंह के नाम पर मेडिकल कॉलेज, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के एक सेक्शन का लोकार्पण, अलीगढ़ से कन्नौज के बीच फोरलेन हाइवे सहित विभिन्न प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,केंद्रीय मंत्री वीके सिंह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## इंडिया' गठबंधन में कोई मतभेद नहीं: दीपंकर

**समस्तीपुर।** भारतीय की कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा-माले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने 'इंडिया' गठबंधन में कोई मतभेद होने से इंकार करते हुए कहा कि आगामी 30 जनवरी के बाद सभी विपक्षी दलों के बीच सीट शेयरिंग पर बात होगी।

श्री भट्टाचार्य ने बुधवार की शाम समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के बीच राज्य स्तर पर सीटों के तालमेल करने की बात हुई है। इन राज्यों में परिस्थिति को देखते हुए सीटों का तालमेल तय होगा।

### यादें | अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी ने हिंडेनबर्ग रिपोर्ट दिया बयान

## झूठ की सुनामी से ईश्वर की कृपा, साथियों की मदद ने बचाया

नयी दिल्ली। अदाणी समूह के खिलाफ अमेरिका की मंदड़िया फर्म हिंडेनबर्ग की विवादास्पद रिपोर्ट के एक वर्ष पूरे होने पर समूह के प्रमुख गौतम अदाणी ने कहा है उनकी कंपनियों की ठोस हकीकत 'झूठ की सुनामी' से ध्वस्त होती नजर आ रही थी लेकिन 'ईश्वर की कृपा' और तमाम साथियों के सामूहिक प्रयास से समूह संकट से उबरने में सफल रहा।

श्री अदाणी ने हिंडेनबर्ग रिपोर्ट से उठे भूचाल के बारे में कहा है कि उस समय "मीडिया में कुछ लोगों की सहायता और प्रोत्साहन से हमारे खिलाफ झूठ इतना प्रभावी था कि हमारे पोर्टफोलियो की जमीनी वास्तविकतायें धूल धूसरित होती महसूस हो रही थीं।"

उन्होंने कहा कि यह किसी भी देश के लिये एक भयावह स्थिति होती, लेकिन "ईश्वर की कृपा और तमाम साथियों की सामूहिक कोशिशों से हम इस संकट से उभरे और मजबूत स्थिति में पहुंच गये।"

बंदरगाह, हवाईअड्डा, बिजली, सीमेंट और मीडिया जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे अदाणी समूह के प्रमुख ने एक विस्तृत लेख में कहा है, " इस मुश्किल वक्त में वित्तीय निवेशक, ऋणदाता और रेटिंग एजेंसी सहित वित्तीय क्षेत्र के विशेषज्ञ, इस झूठ की सुनामी में भी पूरी ताकत से हमारे सच की पतवार को थामे रहे। उल्लेखनीय है कि 24 जनवरी , 2023 को हिंडेनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट मीडिया में आने के बाद अदाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर बुरी तरह धराशायी हो गये थे। इस रिपोर्ट में कंपनी पर शेयर बाजार में घड़ल्ले से हेराफेरी और लेखा-जोखा में गड़बडी करने का आरोप लगाया गया था। इसके असर से समूह को अपनी मुख्य कमंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज का अनुवर्ती सार्वजिनक शेयर निर्गम (एफपीओ) वापस लेना पड़ा, जिसमें उसे 20 हजार करोड़ रुपये जुटाने थे।

रिपोर्ट के एक साल बाद से अदाणी समूह के शेयरों भाव उठ खड़े हुये हैं और इस मामले में न्यायालय का निष्कर्ष समूह के अनुकूल आया है। श्री अदाणी ने कहा है, "हमें अतीत में जीना नहीं चाहिये लेकिन उससे सीख लेते हुे निरंतर आगे बढ़ना चाहिये। आज का दिन भी ऐसा ही मौका है।"

MADAN RAJ NURSING HOME
HOSPITAL ROAD MOTIHARI, (BIHAR)
Contact No.- 9801637890, 6200450565, 9113374254

# बिहार में टूट की कगार पर आईएनडीआईए की गांठ, सियासत में गर्माहट

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी के खास नेताओं के साथ बैठक**

**जदयू और भाजपा के सभी विधायकों को पटना में रहने के निर्देश**

बीएनएम@पटना



बिहार में सियासी सरगर्मी के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सीएम आवास में गुरुवार शाम पार्टी के खास नेताओं जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, मंत्री संजय झा और प्रदेश जदयू अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के साथ बैठक कर रहे हैं। नीतीश कुमार के साथ तीनों नेताओं की यह मुलाकात बेहद खास मानी जा रही है। इससे पूर्व पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी दिल्ली रवाना हुए हैं। इससे पता चलता है कि बिहार में आईएनडीआईए की गांठ टूट के कगार पर है।

खास बात तो शाम होते होते सामने आयी जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राहुल गांधी के बिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने से इंकार कर दिया। साथ ही उन्होंने बिहार के बाहर अपने सभी कार्यक्रमों को रद्द कर दिया। इतना ही नहीं जदयू के विधायकों और भाजपा के विधायकों को पटना में ही रहने का निर्देश दिया गया है। इस बीच जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी के दिल्ली जाने की सूचना है। खबर ये भी है नीतीश कुमार चार फरवरी को बेतिया में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इससे पूर्व गुरुवार को सचिवालय में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक मात्र औपचारिकता भर ही रही। बैठक मात्र 15 से 20 मिनट ही चली। जदयू के एक मंत्री के अनुसार नीतीश कुमार ने तेजस्वी समेत राजद के किसी मंत्री से कोई बात तक नहीं की। अधिकारियों ने तीन एजेंडों को रखा और उस पर सहमति की औपचारिकता निभायी गयी। मंत्रियों और अधिकारियों ने चाय-नाश्ता करते हुए आपस में बातचीत की। नीतीश कुमार ने वहां रखे रजिस्टर पर साइन किया और चैम्बर में कुछ मिनट ठहरने के बाद सीएम आवास के लिए रवाना हो गये।

### रोहिणी आचार्या का नीतीश पर ताबड़तोड़ ट्विट

सीएम आवास पहुंचने के बाद नीतीश कुमार को लालू-राबड़ी की बेटी रोहिणी आचार्या के ट्विट की जानकारी दी गयी। नीतीश कुमार ने उन ट्विट का प्रिंट आउट मंगवा कर देखा। इसके बाद तिलमिलाते हुए भाव के साथ किसी से फोन पर कुछ देर तक बातें करते रहे। बताया जा रहा है कि नीतीश कुमार के फोन रखने के कुछ देर के बाद ही रोहिणी ने तीनों ट्वीट डिलीट कर दिये।

# सीएम नीतीश ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को दी शुभकामनायें

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं।

उन्होंने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों को नमन किया और कहा कि उनकी कुर्बानियों को भुलाया नहीं जा सकता है। भारतीय गणतंत्र के गौरव, एकता एवं अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिये अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सभी वीर सपूतों को भी स्मरण करने का यह दिवस है। यह हमारे लोकतंत्र के जश्न के मनाने और हमारे संविधान में शामिल विचारों एवं मूल्यों को संजोने का अवसर है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा गणतंत्र लोकतांत्रिक मूल्यों एवं भारतीय संविधान के प्रति अखण्ड निष्ठा और हमारी अनेकता में एकता की अभिव्यक्ति का संकल्प है। हम सबको अपनी आजादी, एकता एवं अखण्डता को अक्षुण्ण रखने का आज संकल्प लेना है। राज्य में आपसी भाईचारा, शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखना है। शान्ति और सद्भाव में ही समृद्धि और प्रगति है।

# विधायक डॉ आलोक रंजन ने जननायक कर्पूरी ठाकुर चौक का शिलान्यास किया

सहरसा। भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर एसपी ऑफिस चौक का नामांकरण कर जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मारक स्थल की सौंदर्यीकरण की कार्य का शिलान्यास किया गया। युवा समाजसेवी रोशन मिश्रा की अध्यक्षता एवं विजेन्द्र ठाकुर के संचालन में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं सदर विधायक डॉ आलोक रंजन द्वारा सहरसा स्थित एसपी ऑफिस के पास चौराहा का सौन्दर्यीकरण एवं नामांकरण भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर विधिवत निर्माण कार्य का शिलान्यास कर प्रतिमा लगाने की घोषणा की।



पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्म शताब्दी वर्ष पर भारत सरकार द्वारा भारत रत्न प्रदान कर पिछड़ा एवं अति पिछड़ा की लड़ाई लड़ने वाले स्वतंत्रता संग्राम के महानायक रहे जननायक कर्पूरी ठाकुर के सम्मान में सहरसा में मुख्यमंत्री शहर विकास योजना के तहत जननायक कर्पूरी चौक सुंदरीकरण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया वही जन सहयोग से उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। जो निस्संदेह जननायक के विचारधाराओं को मजबूत करेगी।

युवा समाजसेवी युवाओ में लोकप्रिय रौशन मिश्रा ने कहा की जननायक के विचारों पर चल कर ही विकसित समाज का निर्माण किया जा सकता है। एनएसयूआई के मनीष कुमार ने कहा की जननायक के विचार सदैव जीवित रहेगा।

नगर अध्यक्ष भैरव झा और त्रिलोक झा ने कहा की उनकी सादगी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। युवा समाजसेवी रौशन झा आज़ाद और रोहित झा ने कहा कि सर्व समाज को ले कर चलना जननायक ने सिखाया है। वही नाई समाज से आए हुए राष्ट्रीय नाई संघ के अध्यक्ष अमरेश ठाकुर ने अपार हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक के प्रति आभार प्रकट किया।

**मांग** कड़ाके की सर्दी के चलते मुख्यमंत्री करें हस्तक्षेप : सुशील मोदी

# स्कूल खुले रखने का हठ छोड़े शिक्षा विभाग

पटना। राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि बिहार में कड़ाके की सर्दी के बीच स्कूल खुले रखने के लिए जब शिक्षा विभाग के अवर मुख्य सचिव केके पाठक जिला प्रशासन पर दबाव बनाए हुए हैं और इस ठंड से स्कूली बच्चों की मृत्यु होने लगी है तब मुख्यमंत्री को तुरंत हस्तक्षेप कर स्कूलों में अवकाश घोषित करना चाहिए ।

मोदी ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि इस मुद्दे को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाने के बजाय शिक्षा विभाग को बच्चों के हित में अपने आदेश वापस लेने चाहिए। मोदी ने कहा कि नियम-कानून की परवाह किये बिना मनमाने आदेश जारी करने के आदी केके पाठक कभी सुधरने वाले नहीं हैं। वे किसी भी विभाग में एक साल से ज्यादा टिक नहीं पाए और वे जहां भी बड़े पद पर रहे, विवादास्पद फैसले ही करते रहे।

उन्होंने कहा कि हर साल शीतलहर और भीषण सर्दी जारी रहने तक आठवीं तक के बच्चों के लिए स्कूल में छुट्टी रखने की परिपाटी है लेकिन इस बार शिक्षा विभाग ऐसे कठिन मौसम में भी सारे स्कूलों को खुला रखने के लिए अड़ा हुआ है। मोदी ने कहा कि पिछले चार दिनों से शिक्षा विभाग और पटना के जिला प्रशासन के बीच पत्राचार चल रहा है। प्रशासन बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर अवकाश रखना चाहता है जबकि शिक्षा विभाग इसके विरुद्ध पत्र जारी कर रहा है। जिलाधिकारी को इस मामले की शिकायत मुख्य सचिव से करनी पड़ी लेकिन टकराव बना हुआ है।

### लालू यादव ने नीतीश कुमार को किया फोन, 1-2 दिनों में अंतिम फैसला ले सकते हैं बिहार के सीएम

पटना। बिहार में मंडराए राजनीतिक संकट के बीच महागठबंधन के घटक दल आरजेडी के चीफ लालू प्रसाद यादव ने सीएम नीतीश कुमार से फोन पर बात की। सूत्रों के मुताबिक, सीएम नीतीश एक-दो दिन में अंति फैसला ले सकते हैं। यानी एक-दो रोज के बाद ही पता चलेगा कि मौजूदा सरकार बरकरार रहेगी या फिर जेडीयू एनडीए में वापसी करेगी। इस बीच लालू यादव ने अपनी पार्टी के नेता शिवानंद तिवारी को नीतीश कुमार से बातचीत करने के लिए भेजा नीतीश कुमार के एनडीए में शामिल होने की अटकलें तो तभी से लगाई जा रही हैं जब उन्होंने पार्टी की कमान ललन सिंह से अपने हाथ में ले ली थी, कुछ समय के बाद अपनी टीम में बदलाव किया तो ललन सिंह को कोई जगह नहीं दी।



M.S. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
BALGANGA, ARERAJ ROAD, MOTIHARI
Contact No.- 9939047109, 9431203674

# शिक्षा संवाद कार्यक्रम में योजनाओं की दी गई जानकारी



बीएनएम@केसरिया। प्रखण्ड क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताजपुर पटखौलिया में गुरुवार को शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मौजूद अंचल निरीक्षक विजय सिंह ने कहा कि सरकार मुख्यमंत्री बालिका-बालक साइकिल योजना, मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, छात्रवृत्ति योजना, एवं बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजना संचालित कर छात्र-छात्राओं को लाभान्वित कर रही है।

जिससे विद्यालय आने व पढ़ाई करने में छात्र-छात्राओं की उत्सुकता बढ़ गई है। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रभारी एचएम सुदीश बैठा ने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को ससमय विद्यालय भेजें।

मौके पर विद्यालय के शिक्षक विनय कुमार, राजस्व कर्मचारी तौकीर आलम, वीएसएस के पूर्व अध्यक्ष बहादुर ठाकुर, सेवानिवृत्त शिक्षक पीताम्बर राम, मुन्नीलाल साह, शिक्षक रूपेश कुमार, मुकुंद कुमार, विकास कुमार सहित अन्य मौजूद थे।




राहत

## अम्बेडकर छात्रावास का जल्द होगा कायाकल्प: राकेश पांडेय

मोतिहारी। चांदमारी स्थित अम्बेडकर छात्रावास के छात्रों ने ब्रावो फाउंडेशन के निदेशक राकेश पांडेय से फोन पर अपील करते हुए छात्रावास में बुलाया था। जिसको लेकर राकेश पांडेय द्वारा उपरोक्त छात्रावास के छात्रों के साथ एक बैठक की गई गई। जिसमें श्री पांडेय ने छात्रों को हो रही असुविधाओं के बारे में जानकारी ली। छात्रों ने लाइट, लाइब्रेरी की समस्या बताते हुए जेनरेटर एवं अम्बेडकर की मूर्ती लगाने की अपील की। ब्रावो फाउंडेशन के निदेशक राकेश पांडेय नें छात्रों के अपील को स्वीकार करते हुए जेनरेटर के बदले सोलर सिस्टम लगाने की बात कही।

## गणतंत्र दिवस को लेकर मुखिया प्रतिनिधि ने शुरू किया स्वच्छता अभियान

**पताही।** गणतंत्र दिवस को लेकर पताही प्रखंड क्षेत्र के गोनाही पंचायत में गुरुवार को पंचायत भवन, स्कूल, सड़क सहित विभिन्न जगहों पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। मुखिया प्रतिनिधि रामसहाय यादव ने बताया कि गणतंत्र दिवस से पूर्व इन सभी स्थानों की साफ-सफाई कराई जा रही हैं। ताकि गणतंत्र दिवस के दिन किसी प्रकार की कोई दिक्कत या परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वास्थ्य बनाने के उद्देश्य को लेकर उन्होंने खुद हाथों में झाड़ू उठा सफाई का बीड़ा उठाया है। जिससे की स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति लोगों में सामाजिक चेतना जागृत हो जागरूक होकर जनता अपने घर से लेकर पंचायत तक स्वच्छता में आगे बढ़े। इसी परिकल्पना को लेकर उन्होंने खुद हाथों में झाड़ू लेकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। मुखिया प्रतिनिधि द्वारा गोनाही गांव के पंचायत भवन एवं विद्यालयों गांव से निकलने वाली सभी मुख्य सड़कों में साफ सफाई की गई तथा छात्रों, शिक्षकों को भी विद्यालय के साथ साथ अपने घर गांव को साफ सुथरा रखने का पाठ पढ़ाया गया। श्री यादव ने कहा कि पंचायत के पंचायत भवन एवं विद्यालयों से इसकी शुरुआत की गई है, इसके बाद छठघाट और फिर पंचायत निकलने वाली सभी सड़कों एवं गांवों में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया है। इसके लिए वार्ड और पंचायत स्तर पर ग्रामीणों की बैठक कर उन्हे जागरूक भी किया जाएगा। जिससे कि स्वच्छता और स्वास्थ्य में पंचायत बेहतर साबित हो सकें।



शुरुआत | लक्ष्मी नारायण दूबे महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ने की कार्यशाला

# एलएनडी कॉलेज में भावी मतदाताओं को किया गया जागरूक

मोतिहारी। शहर के लक्ष्मी नारायण दूबे महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को मतदाता दिवस के शुभ अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान पर कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अरूण कुमार ने लोकतांत्रिक भावनाओं से ओत-प्रोत प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर भारतीय को मतदान करना आवश्यक है क्योंकि यह हमारे देश के प्रति प्रतिबद्धता को अभिव्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार की जागरूकताओं में मतदाता जागरूकता का विशेष महत्व है क्योंकि यह देश के स्वर्णिम भविष्य को निर्धारित करता है। मताधिकार ही इस गणतंत्र में स्वतंत्र नागरिक की भावना का एहसास कराता है।राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.कुमार राकेश रंजन ने मंच का सफल संचालन करते हुए महत्वपूर्ण तिथियों को रेखांकित कर भारत निर्वाचन आयोग की यात्रा व सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्ट्रोल पार्टिसिपेशन प्रोग्राम पर प्रकाश डाला। उन्होंने यहां 18 वर्ष की आयु प्राप्त नामांकित सभी विद्यार्थियों को प्रपत्र-6, प्रपत्र-6ए, प्रपत्र-6बी, प्रपत्र-7 व प्रपत्र-8 की प्रति उपलब्ध कराकर बिंदुवार भरवाते हुए मतदाता पंजीकरण को समझाया। भारत निर्वाचन आयोग नए मतदाताओं की प्रविष्टि के लिए प्रपत्र-6, वोटर्स लिस्ट में इंक्लूजन एवं डिलेशन पर ऑब्जेक्शन के लिए प्रपत्र-7 तथा मतदाता सूची की प्रविष्टियों में संशोधन के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन मांगती है। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को निर्वाचन आयोग के पदसोपान में पदस्थापित मुख्य निर्वाचन आयुक्त, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर,



जिला निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, मतदान-स्तरीय पदाधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी तथा तृतीय मतदान पदाधिकारी के दायित्वों को भी बताया।

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.अरविंद कुमार ने ने प्रतिभागियों के समक्ष इलेक्शन कमीशन द्वारा तैयार मतदाता मागदर्शिका को बिंदुवार बताया। उन्होंने वीडियो का विजुलाइजेशन भी करते हुए कच्छ से कामरूप एवं कश्मीर से कन्याकुमारी तक की संस्कृतियों में मैं भारत हूं की झलक दिखला कर भावी मतदाताओं को जागरूक किया। दर्शन शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार सिन्हा ने मतदाता जागरूकता के मानवतावादी दृष्टिकोण, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार ने मतदाता जागरूकता की गुणात्मक प्रतिभागिता तथा अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष लेफ्टिनेंट दुर्गेशमणि तिवारी ने मतदान प्रतिशत की उदासीनता को रेखांकित किया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ संतोष विश्नोई, उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ जौवाद हुसैन तथा प्रधान सहायक राजीव कुमार ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.कुमार राकेश रंजन द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन को अक्षुण्ण रखते हुए सभी निर्वाचनों में भेद-भाव मुक्त व निडर मताधिकार की शपथ भी दिलाई गई। निर्वाचन आयोग की बेबसाईट में स्वीप डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पर विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता की शपथ लेकर खुद का प्रमाण पत्र भी डाउनलोड किया। मौक़े पर गणतंत्र प्रेमियों की ओर से आरती, खुशी, सिल्की, मौसमी, दिवेश, आदर्श, अफसर अली, श्रेयांशु, विक्रम, कमलेश, असलम अली दिलीप सहित सभी उपस्थित थे।




# हेडमास्टर हत्याकांड के 2 हत्यारा गिरफ्तार, अन्य खुलासे भी हुए

**बेतिया।** गौनाहा प्रखंड के मटियरिया थाना क्षेत्र के सरकारी स्कूल के हेडमास्टर लाल लाल बाबू सिंह के दो हत्यारे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और हत्या में प्रयुक्त देशी कट्टा एवं दो जिंदा गोली भी बरामद किया । इसके अलावे छापामारी के क्रम में एक अन्य युवक को भी देशी एकनाली बंदूक के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया। उक्त जानकारी देते हुए बेतिया पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी ने बताया कि विगत 18 जनवरी की शाम मटियारिया थाना के लक्ष्नौता निवासी सरकारी स्कूल के हेड मास्टर लाल बाबू सिंह को अज्ञात अपराधियों ने उनकी गाँव की ही दवा दुकान पर ही हत्या कर दी थी ।इस मामले में प्राथमिककी दर्ज करते हुए नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित कर इस मामले का उद्घाटन करने का निर्देश दिया गया था। टीम द्वारा वैज्ञानिक एवं मैनुअल जांच के क्रम में दो हत्यारों को एक देशी कट्टा एवं दो जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। जबकि इस हत्याकांड में शामिल तीसरा अपराधी फरार बताया जाता है ।उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है ।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि



16 जनवरी को मटियारिया थाना के दोन कैनाल के छतवनिया पुल के पास एक सी एस पी संचालक से हथियार के बल पर मोटरसाइकिल लूट ली गई थी ।उन्होंने बताया कि पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अपराधियों ने स्वीकार किया है कि उस इलाके में अपना वर्चस्व कायम करने के लिए हत्या की घटना को अंजाम दिया था और इन्हीं लोगों ने सीएसपी संचालक की मोटरसाइकिल लूटी थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस छापामारी के क्रम में एक और युवक आबिद अंसारी को देशी एकनाली बंदूक के साथ गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार अपराधियों में मटियारिया गांव के आबिद अंसारी( 50 वर्ष )पिता सुभान अंसारी, अजीबुल्लाह अंसारी (48 वर्ष) पिता मेहंदी हसन, अयूब अंसारी (22 वर्ष) पिता फारूक अंसारी शामिल है।

# जिलेवासी आगामी लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें : उप विकास आयुक्त

## ‘वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम’ की नयी थीम के तहत राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम समारोपूर्वक हुआ सम्पन्न



बेतिया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर विधिवत शुभारंभ उप विकास आयुक्त अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत ₹चलो करें मतदान-आओ करें मतदान₹, ₹मैं भारत हूँ-भारत है मुझमें...₹ स्वीप ऑडियो/वीडियो के प्रसारण से किया गया। इसके उपरांत मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग का संदेश का प्रसारण किया गया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिल कुमार ने कहा कि सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग करें। बिना किसे बहकावे में भयमुक्त होकर अपने विवेक से मत का प्रयोग करें। यह हमारा अधिकार है। भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। मत देना अत्यंत ही आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि हमारे देश से यह साबित किया है कि यहां के मतदाता जागरूक हैं। मत का प्रयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम का फलाफल भी दिखना चाहिए। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाना होगा।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आगामी चुनाव को सम्पन्न कराना है। लोकतंत्र का त्योहार हम सभी मिलजुल कर मनायेंगे। सभी अपना-अपना योगदान आगामी चुनाव में देंगे। सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी अपना बेस्ट परफोरमेंस देंगे और जिले में सफलतापूर्वक निर्वाचन को सम्पन्न कराएंगे। स्वीप कार्यक्रम के तहत वोटरों को जागरूक एवं प्रेरित करने का कार्य निरंतर होना चाहिए। सभी अधिकारी, कर्मी वोटरों को मतदान करने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करेंगे।

# पश्चिम चंपारण मे एसएसबी ने गांव से 2 .40 करोड़ के जब्त किया चरस

**बेतिया।** पुलिस ने नेपाल के सीमावर्ती गांव सड़किया टोला के पास से 2.40 करोड़ मूल्य के चरस जब्त किया है ।वहीं तस्कर भागने में सफल रहा ।जानकारी के अनुसार सिकटा, एसएसबी के कैम्प प्रभारी सह सहायक कमांडेंट मदन मोहन भट्ट को सीमावर्ती गांव सड़किया टोला के रास्ते भारत में भारी मात्रा में मादक पदार्थ निकले की सूचना मिलते ही एक स्पेशल टीम का गठन किया।

उपनिरीक्षक राज कुमार के नेतृत्व में जवान विक्रम सिंह बिसेन,सदब्रिक्छ राम,बजगे संतोष,शशि भूषण कुमार व इन्द्रेश राजपुत समेत कई जवान शामिल थे ।टीम ने पीलर संख्या-410 के नजदीक से सीमावर्ती गांव सड़किया टोला के ईदगीर्द नाकेबंदी कर दी ।जैसे ही नेपाल के रास्ते एक संदिग्ध व्यक्ति के पैदल आने की आहट सुनाई दी।उक्त संदिग्ध व्यक्ति नाका पार्टी के नजदीक पहुंचा ठीक उसी समय पुलिस रात्रि गश्ती वाहन उस सड़क से गुजरा( जहां नाका दल तैनात किया गया था )जिसे देखकर वह संदिग्ध व्यक्ति अपने कंधे पर रखे बोरा फेंककर अंधेरा एवं घने कोहरे का लाभ उठाकर नेपाल की तरफ



भाग गया ।नाका दल ने उसे पकड़ने की भरसक कोशिक की पर कामयाबी नहीं मिल पाई। नाका दल के सशस्त्र के द्वारा इस बात की जानकारी सहायक कमांडेंट मदन मोहन भट्ट दी ।तब मौके पर सहायक कमांडेंट श्री भट्ट नाका दल के पास घटना वाली जगह पर पहुंचे ।जहां संदिग्ध व्यक्ति द्वारा फेंके गए बोरा की तलाशी ली,तो बोरा के अंदर से भूरे रंग के प्लास्टिक के सेल्लो टेप से लपेटा हुआ,संदिग्ध पदार्थ कुल-22 पॉकेट मिला ।संदिग्ध पदार्थ की पहचान करने एवं वजन करने के लिए ड्रग डिडक्शन किट एवं वजन करने वाली मशीन मौके पर मंगाई गई ।ड्रग डिडक्शन किट के जांच से संदिग्ध पॉकेट की पहचान मादक पदार्थ चरस के रूप में हुई ।जब्त चरस का अन्तरराष्ट्रीय मूल्य बीस लाख रूपए प्रतिकिलो बताई गई ।एसएसबी ने जब्त चरस को बलथर पुलिस को कार्रवाई हेतू सौंप दी है।




**कामयाबी** "लोक सांस्कृतिक परम्परा और बाउल सन्यासी" विषय पर शोध

# केविवि के प्रो. डॉ. परमात्मा मिश्र भोपाल में प्रस्तुत करेंगे शोध पत्र

मोतिहारी। भोपाल में जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी व मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग प्रोफेसर डॉ. परमात्मा मिश्र अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेगे। उक्त कार्यक्रम भोपाल में 27 से 29 जनवरी, 2024 तक आयोजित है। जिसमे "सांस्कृतिक परम्परा में साधु और सन्यासी" विषयक शोध संगोष्ठी में डॉ. मिश्र अपना शोध पत्र "लोक सांस्कृतिक परम्परा और बाउल सन्यासी" प्रस्तुत करेगे।

केविवि कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने इसको लेकर डा.मिश्र को बधाई देते कहा



है,कि उनका बाउल सन्यासी पर केंद्रित शोध पत्र संगोष्ठी को एक नया आयाम प्रदान करेगा। संगोष्ठी के लिए उनके शोध पत्र का चयन और आमंत्रण विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है।

मीडिया अध्ययन विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि लोक सांस्कृतिक परम्परा के संरक्षण और शोध की दृष्टि से संगोष्ठी नए आयाम को प्राप्त करेगी। डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र ने कहा कि संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रदेशों से लोक संस्कृति और परम्परा के 50 से अधिक विद्वान शामिल हो रहे हैं। उन्होने अपने शोध पत्र "लोक सांस्कृतिक परम्परा और बाउल सन्यासी" की चर्चा करते हुए कहा कि बाउल का दर्शन, योग, अध्यात्म के प्रति उनकी रुचि और लोक गायन की सशक्त अभिव्यक्ति गज़ब की हैं। हालांकि बाउल को अनेक राज्यों में भी अलग-अलग रूपों में देखा और जाना जाता है लेकिन यह अध्ययन पश्चिम बंगाल के बाउल सन्यासी और उनके लोक गायन पर केंद्रित है।


Affillation No.330180
www.sjsmotihari.org
SHANTINIKETAN
JUBILEE SCHOOL
Affiliated to CBSE, New Delhi, Up to 10+2
Organised by : Jubelian Trust
FORM NURSERY TO IX & XI
ADMISSION
OPEN
SESSION 2024-25
Shantipuri, Rahman Colony, Motihari
East Champaran - 845401 (Bihar)
Mob.- 9931525844 (O), 7870780805 (H)


सुन्दर पंचायत
स्वच्छ पंचायत
समस्त देशवासियों को
26 JANUARY गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत राज- जौकटिया, प्रखण्ड - मझौलिया, प. च. (बिहार)
मंटू यादव
उप मुखिया
बिपिन साह
मुखिया प्रतिनिधि
कुंती देवी
मुखिया
पम्मी कुमारी
सरपंच
शबनम खातून
वार्ड नंबर 1
मो.सहीम
वार्ड नंबर 2
दुखी राम
वार्ड नं 3
श्रीमती अनिशा यादव
वार्ड न-10
श्रीमती अमला देवी
वार्ड नंबर 11
रामायण सहनी
वार्ड नंबर 12
इस्लाम मियां
(पूर्व उपमुखिया)वार्ड नंबर 13
हसीना खातून
वार्ड नंबर 15
केशव कुमार
वार्ड नंबर 17
नारायण प्रसाद
वार्ड नंबर 18
चंदा देवी
वार्ड नंबर 19


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
शैलेश कुमार
कोमल कुमारी
सुशील एंड सन्स सर्जिकल्स


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
ज्योति श्रीवास्तव
निवेदक- रिंकु श्रीवास्तव ग्राम पंचायत
राज-सेनुवरिया, प्रखंड-मझौलिया, पश्चिमी चंपारण


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
कृष्णावती देवी
निवेदक-जयलाल दास ग्राम पंचायत
राज जैतियां, चनपटिया, पश्चिमी चंपारण


ऑर्थो केयर सेन्टर
हॉस्पीटल चौक, गली नं.1, मोतिहारी, मो.8809888664
डा. मनोज कु. सिंह
M.B.B.S., D.otho, DNB
हड्डी, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएं–
अत्याधुनिक मशीन द्वारा हड्डी, नस एवं रीढ़ के सभी तरह की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
कुल्हा प्रत्यारोपण, घुटने का प्रत्यारोपण
घुटना एवं कमर दर्द का आधुनिक ईलाज
24 घंटा इमरजेन्सी सेवा उपलब्ध
समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अभय सिंह
जय माँ परमेश्वरी बैट्री हाउस
रघुनाथपुर, पिपल चौक, मोतिहारी


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
रंजन कुमार
अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, अरेराज


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज कुमार
यातायात प्रभारी, बगहा, प. चम्पारण


हरसिद्धि का न. 1 कम्प्यूटर संस्थान
SAKSHI
COMPUTER INSTITUTE
स्थान- यादोपुर रोड, हरसिद्धि, पूर्वी चम्पारण
COURSES OFFERED:-
DCA, DFA, DTP, TALLY. ADCA, PGDCA
HINDI TYPING, ENGLISH TYPING
INTERNET & OTHERS
FREE ADIMISSION OFFER*
8809414001, 6209214001
Email: sci845422@gmail.com


9263381242
केयर प्लस हॉस्पिटल
गैस्ट्रो क्लिनिक
पेट एवं लीवर से संबंधित सभी रोगों का ईलाज
• पीलिया (जॉन्डिस), हेपेटाइटिस "बी" व "सी"
• आँत का सूजन (इंफेक्शन)
• कब्ज, उल्टी
• वजन कम होना
• लीवर में चर्बी जमा होना
• भूख की कमी
• आँत की टी.बी.
• पित्त की नली में पथरी
• गैस, पेट में दर्द रहना, डकार आना
• पीत के सारे रोग
• मल में खून
• दस्त के सारे रोग
• पैनक्रियाज में सूजन
• कुछ खाते ही गैस बनना
• खाना खाते ही पैखाना लगना
• मुँह से खून आना
• पतला दस्त होना
• फैटी लीवर
• लीवर सिरोसिस
• आई.बी.एस.
Cirrhosis of the Liver
normal liver
liver with cirrhosis
मरीज देखने का समय:
प्रत्येक रविवार सुबह 10 बजे से 03 बजे तक
डॉ. यू. के. सिंह
MBBS, MD (Medicine)
DM (Gastro)
पेट, आँत एवं लीवर रोग विशेषज्ञ
केयर प्लस हॉस्पिटल
पहली मंजिल, बी.पी.कॉम्प्लेक्स
अगरवा, मोतिहारी


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
डा. संतोष कुमार
डेंटल क्लिनिक, महानवा बाजार


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
टेंगर ठाकुर
पंचायत समिति, मंगलपुर पटनी


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
ललन कुमार
थानाध्यक्ष- पालनवा


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुनिल कुमार
मुखिया- पताही, सह भाजपा जिला महामंत्री, ढाका


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मुखिया पति
संतोष महतो
अमृता कुमारी
मुखिया - बोकाने कलां


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
रौशन सिंह
बेतौना पंचायत सह भावी प्रत्याशी
जिला परिषद क्षेत्र संख्या - 52


समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं!
अमित आनन्द प्रियदर्शी
जिला संयोजक टीईटी शिक्षक संघ
सह लाइब्रेरियन एसोशिएशन पूर्वी
चम्पारण।
सम्पर्क सूत्र -7541925825


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
विनय कुमार पाण्डेय
(पैक्स अध्यक्ष पताही पश्चिम)



PMCH CHARITABLE HOSPITAL
PRAKASH MULTISPECIALITY
CHARITABLE HOSPITAL
Reg. No.- 30481
24/7 Emergency Services
मोतिहारी का प्रथम
चैरिटेबल हॉस्पिटल
यहाँ 24 घंटे मरीजों की ईलाज की समुचित व्यवस्था ।
सस्ते दर पर गरीब मरीजो के ईलाज की व्यवस्था
परामर्श फी-
200 / मात्र
यहाँ हड्डी, सर्जरी एवं मेडिसिन के चिकित्सक हर समय उपलब्ध
OPD Time :- 8.30AM TO 11.30AM
डा. प्रभात प्रकाश
M.B.B.S, (Dar.) D. Ortho (Pat.)
D.N.B.
ORTHO TRAINED (KOL.) FIMS
Consultant Orthopaedic
& Spine Surgeon
चन्द्रहिया, मोतिहारी
21/08/2023
से शुभारम्भ


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेन्ट्रल हॉस्पीटल
मो0 - 9934490788, 9472414624
मुंशी इनार पुल, शंकर
सरैया रोड, तुरकौलिया
डॉ0 मो0 जमाल अशरफ
B.U.M.S. (B.U.)
जेनरल फिजिसियन एवं सर्जन
24/7 Emergency Services
डॉ0 मो0 हिफ्जुर्रहमान
B.U.M.S. (B.U.)
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
हमारी विशेषताएं : नॉर्मल डिलेवरी की सुविधा, नवजात एवं शिशु रोग की विशेष सुविधा, प्रसव पूर्व टीकाकरण, दक्ष एवं अनुभवी स्टाफ, लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा, एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध.



BORDERNEWSMIRROR
BNM
to the point...
" जो भरा नही है भावों से
बहती जिसमें रसदार नही
हृदय नही वो पत्थर है
जिसमें स्वदेश का प्यार नही"
26
सभी पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को
गणतंत्र दिवस
बॉर्डर न्यूज मिरर
के तरफ से
हार्दिक शुभकामनाएं
बिग कवरेज